# R SYSTEMS INTERNATIONAL LIMITED

CIN : L74899DL1993PLC053579
Registered Office: GF-1-A, 6, Devika Tower, Nehru Place, New Delhi-110019
Tel : +91 120 4303500; Website : www.rsystems.com; Email : rsil@rsystems.com

**Extract of Consolidated Financial Results for the quarter and nine months ended September 30, 2024**

**(Rs. in million, except per share data)**

| Particulars | Three months ended | | Nine months ended |
|---|---|---|---|
| | 30.09.2024 | 30.09.2023 | 30.09.2024 |
| | (Unaudited) | (Unaudited) | (Unaudited) |
| Revenue from operations | 4,440.87 | 4,573.47 | 12,927.71 |
| Profit before tax* | 516.50 | 622.17 | 1,348.56 |
| Net profit after tax for the period* | 398.12 | 439.75 | 921.82 |
| Total comprehensive income for the period [comprising profit for the period (after tax) and other comprehensive income / (loss) (after tax)] | 477.18 | 443.19 | 976.56 |
| Paid - up equity share capital (Face value of Re. 1/- each) | 118.31 | 118.31 | 118.31 |
| Reserves excluding Revaluation Reserve as at December 31, 2023 | | | 5,996.06 |
| Earnings per share (not annualised) (Equity share of par value of Re. 1/- each) | | | |
| Basic | 3.37 | 3.72 | 7.79 |
| Diluted | 3.36 | 3.72 | 7.78 |

* The Company does not have any exceptional and extraordinary item to report for the above periods.

**Notes:**

1. The consolidated financial results for the quarter and nine months ended September 30, 2024 were reviewed by the Audit Committee and have been approved by the Board of Directors at their meeting held on November 08, 2024.
2. Extract of standalone financial results for the quarter and nine months ended September 30, 2024:

**(Rs. in million)**

| Particulars | Three months ended | | Nine months ended |
|---|---|---|---|
| | 30.09.2024 | 30.09.2023 | 30.09.2024 |
| | (Audited) | (Audited) | (Audited) |
| Revenue from operations | 2,350.90 | 2,430.96 | 6,699.44 |
| Profit before tax* | 428.08 | 463.62 | 1,364.36 |
| Net profit after tax for the period* | 362.11 | 344.39 | 1,088.27 |
| Total comprehensive income for the period [comprising profit for the period (after tax) and other comprehensive income / (loss) (after tax)] | 358.47 | 348.94 | 1,086.13 |

* The Company does not have any exceptional and extraordinary item to report for the above periods.

3. The above is an extract of the detailed format of Quarterly Financial Results filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 as amended. The full format of the Quarterly Financial Results are available on the Stock Exchange websites i.e. www.bseindia.com, www.nseindia.com and Company's website at www.rsystems.com.

**For and on behalf of the Board of Directors of**
**R SYSTEMS INTERNATIONAL LIMITED**

**Nitesh Bansal**
**Managing Director & Chief Executive Officer**
**DIN: 10170738**

Place : Sacramento, CA, U.S.A.
Date : November 08, 2024 (IST)

# SUTLEJ TEXTILES AND INDUSTRIES LIMITED

sutlej textiles and industries limited

Regd.Office: Pachpahar Road, Bhawanimandi - 326 502 (Rajasthan) CIN : L17124RJ2005PLC020927
Tel :(07433)222052/82/90, Email: hoffice@sutlejtextiles.com, Website: www.sutlejtextiles.com

## EXTRACT OF CONSOLIDATED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND HALF YEAR ENDED 30th SEPT. 2024

(₹ in Crore)

| Particulars | 3 Months Ended | Preceding 3 Months Ended | Corresponding 3 Months Ended in the Previous Year | Year to date Figures for Current Period Ended | Year to date Figures for Previous Period Ended | Previous Accounting Year Ended |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | Unaudited | Unaudited | Unaudited | Unaudited | Unaudited | Audited |
| | 30.09.2024 | 30.06.2024 | 30.09.2023 | 30.9.2024 | 30.09.2023 | 31.03.2024 |
| Total Income from Operations | 685.55 | 658.07 | 734.90 | 1343.62 | 1439.28 | 2703.20 |
| Net Profit / (Loss) for the period (before Tax, Exceptional and/ or Extraordinary items) | (27.69) | (18.77) | (75.62) | (46.46) | (120.52) | (195.18) |
| Net Profit / (Loss) for the period before tax (after Exceptional and / or Extraordinary items) | (27.69) | (18.77) | (75.62) | (46.46) | (120.52) | (203.63) |
| Net Profit / (Loss) for the period after Tax (after Exceptional and / or Extraordinary items) | (18.75) | (11.40) | (49.44) | (30.15) | (79.93) | (135.56) |
| Total Comprehensive Income for the period [ Comprising Profit / (Loss) for the period (after tax) and other Comprehensive Income (after tax)] | (17.99) | (10.64) | (49.08) | (28.63) | (79.32) | (131.92) |
| Paid-up Equity Share Capital ( Face Value of ₹ 1/- per share ) | 16.38 | 16.38 | 16.38 | 16.38 | 16.38 | 16.38 |
| Other Equity | | | | | | 944.72 |
| Earnings Per Share before / after extraordinary items (of ₹ 1/- each) (not annualised) | | | | | | |
| a) Basic : | (1.14) | (0.70) | (3.02) | (1.84) | (4.88) | (8.27) |
| b) Diluted : | (1.14) | (0.70) | (3.02) | (1.84) | (4.88) | (8.27) |

**Key information on Standalone Financial Results**

(₹ in Crore)

| Particulars | 3 Months Ended | Preceding 3 Months Ended | Corresponding 3 Months Ended in the Previous Year | Year to date Figures for Current Period Ended | Year to date Figures for Previous Period Ended | Previous Accounting Year Ended |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | Unaudited | Unaudited | Unaudited | Unaudited | Unaudited | Audited |
| | 30.09.2024 | 30.06.2024 | 30.09.2023 | 30.09.2024 | 30.09.2023 | 31.03.2024 |
| Total Income from Operations | 675.99 | 651.74 | 726.44 | 1327.73 | 1420.50 | 2671.72 |
| Profit /(Loss) Before exceptional items and tax | (26.64) | (16.39) | (73.89) | (43.03) | (117.36) | (183.73) |
| Profit / (Loss) Before Tax | (26.64) | (22.39) | (73.89) | (49.03) | (117.36) | (202.69) |
| Profit / (Loss) After Tax | (17.70) | (15.02) | (47.71) | (32.72) | (76.77) | (134.61) |
| Total Comprehensive Income | (16.93) | (14.26) | (47.47) | (31.19) | (76.28) | 131.07 |

**Notes:**

1. The above results were reviewed by the Audit Committee and approved by the Board of Directors of the Company at their respective meetings held on 6 November 2024 and 8 November 2024.
2. The above is an extract of the detailed format of Quarterly Financial Results filed with Stock Exchange under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements ) regulations, 2015.The full format of the Standalone and Consolidated Financial results for the three months and half year ended 30 September 2024 are available on Stock Exchanges websites www.bseindia.com and www.nseindia.com and on Company's website www.sutlejtextiles.com.

For SUTLEJ TEXTILES AND INDUSTRIES LIMITED

**(Rajib Mukhopadhyay)**
Whole-time Director & CFO

**Place :** Mumbai
**Date :** 8 November 2024


Jay SPEAKS




Business Standard
Insight Out

To book your copy, SMS **reachbs** to **57575** or email us at **order@bsmail.in**

bsindia bsindia business-standard.com





## UNAUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND HALF YEAR ENDED SEPTEMBER 30, 2024

₹ In Crore

| S. No | Particulars | STANDALONE | | | | | CONSOLIDATED | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Quarter ended 30.09.2024 | Quarter ended 30.09.2023 | Half Year ended 30.09.2024 | Half Year ended 30.09.2023 | Year ended 31.03.2024 | Quarter ended 30.09.2024 | Quarter ended 30.09.2023 | Half Year ended 30.09.2024 | Half Year ended 30.09.2023 | Year ended 31.03.2024 |
| | | (Unaudited) | (Unaudited) | (Unaudited) | (Unaudited) | (Audited) | (Unaudited) | (Unaudited) | (Unaudited) | (Unaudited) | (Audited) |
| 1 | Total Income from operations (including exceptional items) | 1,29,141.11 | 1,12,169.43 | 2,51,828.96 | 2,20,208.26 | 4,66,812.82 | 1,63,802.38 | 1,44,256.12 | 3,15,927.43 | 2,76,588.90 | 5,94,574.90 |
| 2 | Net Profit / (Loss) for the period (before Tax, exceptional and/or extraordinary items) | 24,788.01 | 19,301.34 | 47,787.17 | 42,096.96 | 88,882.96 | 27,474.31 | 21,935.71 | 53,902.08 | 47,143.35 | 98,340.04 |
| 3 | Net Profit / (Loss) for the period before tax (after exceptional and/or extraordinary items) | 24,788.01 | 19,301.34 | 47,787.17 | 42,096.96 | 81,782.96 | 27,474.31 | 21,935.71 | 53,902.08 | 47,143.35 | 91,240.04 |
| 4 | Net Profit / (Loss) for the period after tax (after exceptional and/or extraordinary items) | 18,331.44 | 14,330.02 | 35,366.60 | 31,214.31 | 61,076.62 | 19,782.76 | 16,099.58 | 39,107.72 | 34,636.38 | 67,084.67 |
| 5 | Paid up Equity Share Capital | 892.46 | 892.46 | 892.46 | 892.46 | 892.46 | 892.46 | 892.46 | 892.46 | 892.46 | 892.46 |
| 6 | Reserves (excluding Revaluation Reserve) as shown in the Audited Balance Sheet of the previous year | | | | | 3,48,798.42 | | | | | 3,86,491.06 |
| 7 | Earnings Per Share (face value of ₹1/- each) (for continuing and discontinued operations) (not annualised) | | | | | | | | | | |
| | Basic : | 20.54 | 16.06 | 39.63 | 34.98 | 68.44 | 22.17 | 18.04 | 43.82 | 38.81 | 75.17 |
| | Diluted : | 20.54 | 16.06 | 39.63 | 34.98 | 68.44 | 22.17 | 18.04 | 43.82 | 38.81 | 75.17 |
| 8 | Total Comprehensive Income for the period {Comprising Profit / (Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)} | Refer Note No.2 | | | | | | | | | |
| 9 | Securities Premium Account | 79,115.60 | 79,115.48 | 79,115.60 | 79,115.48 | 79,115.48 | 79,115.60 | 79,115.48 | 79,115.60 | 79,115.48 | 79,115.48 |
| 10 | Net Worth | 3,66,225.38 | 3,06,944.79 | 3,66,225.38 | 3,06,944.79 | 3,24,715.48 | | | | | |
| 11 | Debt Equity Ratio | 0.69 | 0.69 | 0.69 | 0.69 | 0.87 | | | | | |
| 12 | Outstanding Redeemable Preference Shares | - | - | - | - | - | | | | | |
| 13 | Capital Redemption Reserve | - | - | - | - | - | | | | | |
| 14 | Debenture Redemption Reserve | - | - | - | - | - | | | | | |
| 15 | Outstanding Debt | 5,58,815.62 | 5,12,712.83 | 5,58,815.62 | 5,12,712.83 | 5,97,560.91 | | | | | |

**Notes:**

1) The above is an extract of the detailed format of Quarterly / Half Yearly Financial Results filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 & Regulation 52 of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Quarterly/ Half Yearly Results is available on the websites of Stock Exchanges **(www.bseindia.com and www.nseindia.com)** and the Bank's website **(bank.sbi)**.
2) Information relating to Total Comprehensive Income and Other Comprehensive Income is not furnished as Ind AS is not yet made applicable to Banks.

**Place : Mumbai**
**Date : November 8, 2024**

By Order of the Board
**Challa Sreenivasulu Setty**
Chairman

**STATE BANK OF INDIA , CORPORATE CENTRE, MADAME CAMA ROAD, MUMBAI – 400 021.** **Follow Us On**

## बॉलीवुड

# फिल्म 'वन: फोर्स ऑफ द फॉरेस्ट' में दिखाई देंगे सिद्धार्थ मल्होत्रा



सिद्धार्थ मल्होत्रा ने अपनी नई फिल्म का ऐलान कर दिया है। इस फिल्म के लिए सिद्धार्थ ने 'पंचायत' के निर्माता टीवीएफ के साथ हाथ मिलाया है। फिल्म का नाम है 'वन: फोर्स ऑफ द फॉरेस्ट'। यह फिल्म एक लोक पौराणिक थ्रिलर फिल्म है। फिल्म का निर्देशन 'पंचायत' फेम दीपक मिश्रा करेंगे। फिल्म की घोषणा को साझा करते हुए सिद्धार्थ मल्होत्रा ने सोशल मीडिया पर लिखा...'एक पावरहाउस टीम के साथ इस लोक थ्रिलर का हिस्सा बनने के लिए उत्साहित हूं, 2025 में बड़े परदे पर आप सभी द्वारा 'वन: फोर्स ऑफ द फॉरेस्ट' का अनुभव करने का इंतजार नहीं कर सकता।' निर्माताओं ने बताया कि फिल्म अगले साल छठ के दौरान रिलीज होगी। हालांकि अभी तक कलाकारों के बारे में कोई जानकारी सामने नहीं आई है, लेकिन रिपोर्ट्स के अनुसार...'सिद्धार्थ के साथ सारा अली खान को भी कास्ट किया गया है। हालांकि निर्माताओं ने अभी तक इस बात की पुष्टि नहीं की है।' फिल्म को बालाजी मोशन पिक्चर्स और द वायरल फीवर (टीवीएफ) का समर्थन मिला है।

**राहत • दोनों साइड पर ढाई-ढाई मीटर चौड़ी होगी, टहलने वालों को होगी आसानी**

# आहू नदी से महाराणा प्रताप चौराहे तक सड़क चौड़ीकरण का कार्य शुरू

भास्कर न्यूज | सुनेल

कस्बे के महाराणा प्रताप चौराहे से लेकर आहू नदी तक दोनों साइड में ढाई-ढाई मीटर सड़क को चौड़ा किया जा रहा है, जिससे सुबह-शाम घूमने वाले आमजन को राहत मिलेगी। पीडब्ल्यूडी ने टेंडर प्रक्रिया पूरा करवा कर काम शुरू करवा दिया है।

गौरतलब है कि गत दिनों सांसद दुष्यंतसिंह की आमजन की जनसुनवाई में कस्बेवासियों ने आहू नदी से लेकर महाराणा प्रताप चौराहे तक सड़क को चौड़ा करने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा था। इसमें बताया गया था कि कस्बे में बच्चे, महिलाएं, बुजुर्गों और युवाओं के सुबह-शाम टहलने की कोई जगह नहीं है। लोग सुबह-शाम इस मार्ग पर ही घूमने के लिए जाते हैं, लेकिन सड़क चौड़ी नहीं होने से आए दिन सडक दुर्घटनाएं होती रहती हैं। इस पर सांसद सिंह ने लगभग 21 करोड़ 60 लाख रुपए की लागत से सुलिया से सुनेल, पिड़ावा सडक का बजट स्वीकृत किया था। इस स्वीकृत बजट में सुनेल के महाराणा प्रताप चौराहे से लेकर आहू नदी तक सड़क की दोनों साइड में ढाई-ढाई मीटर सड़क को चौड़ा किया जा रहा है। इससे कस्बे के लोगों को साइकिल चलाने और सुबह शाम घूमने की उतम व्यवस्था हो जाएगी। आहू नदी से लेकर महाराणा प्रताप चौराहे तक जहां-जहां सीसी सड़क है वहां वहां सीसी सड़क बनाई जाएगी और जहां-जहां डामरीकरण सड़क है वहां डामर सड़क को चौड़ा किया जाएगा।



सुनेल. महाराणा प्रताप चौराहे तक सड़क चौड़ीकरण का कार्य जारी।

*सीआरआईएफ योजना के अंतर्गत आहू नदी से लेकर महाराणा प्रताप चौराहे तक ढाई-ढाई मीटर सड़क को चौड़ा करने का काम किया जा रहा है। इससे आमजन को राहत मिलेगी। जहां सीसी सड़क है वहां सीसी तथा जहां डामरीकरण है वहां डामर से सड़क को चौड़ा किया जाएगा।*

*- नवीन मीणा, एईएन, पीडब्ल्यूडी, सुनेल*

## न्यूज ब्रीफ

### मिसिंग लिंक सड़क का विधायक ने किया भूमि पूजन



डग| क्षेत्रीय विधायक कालूराम मेघवाल ने ग्राम पंचायत धतुरिया के ग्राम ढाबला गेहलोत से गागुरनी तक मिसिंग लिंक सड़क का भूमि-पूजन किया। विधायक मेघवाल ने बताया कि इस सड़क के लिए ग्रामीण बहुत समय से मांग कर रहे थे, जिसकी राशी 110 लाख रुपए स्वीकृत भी हो चुकी है। इस मिसिंग लिंग सड़क से आस-पास के ग्रामीणों को फायदा होगा। कार्यक्रम के दौरान मानसिंह चौहान, दिनेश अग्रवाल जिला महामंत्री, तूफानसिंह जिला मंत्री, नरेंद्रसिंह जिला महामंत्री किसान मोर्चा, गोविंदसिंह मंडल अध्यक्ष डग द्वारा सड़क का भूमि-पूजन कर शिलान्यास किया गया। इस मौके पर सज्जन सिंह, बापूसिंह पटेल, अजयराजसिंह रतनपुरा सहित भाजपा के सभी वरिष्ठ पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### मनोहरथाना में राजमंदिर पर अनुकूट महोत्सव आज

मनोहरथाना| कस्बे के प्रमुख राजमंदिर पर शनिवार को अन्नकूट महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। जिसके लिए तैयारी शुरू कर दी गई है। भगवान को नवीन पोशाक धारण कराई गई एवं मंदिर पर फुलों से डेकोरेशन किया जा रहा है। शनिवार शाम को संध्या आरती के साथ ही अनुकूट महोत्सव के दर्शन श्रद्धालुओं के लिए खोले जाएंगे एवं महाप्रसादी का वितरण किया जाएगा।

### विजय लोधा ने 62वीं बार किया रक्तदान



झालावाड़| भवानीमंडी के निजी अस्पताल में भर्ती मरीज को रक्तदान कर युवक ने राहत दी। अस्पताल में भर्ती डेंगू से पीड़ित जया की प्लेटलेट्स लगातार गिर रही थी और 4 हजार रह गई थी। डॉक्टर के सलाह देने पर परिजनों को ओ पॉजिटिव ब्लड डोनर की तलाश थी। भवानीमंडी ब्लड बैंक में एसडीपी नहीं होने पर परिजनों ने झालावाड़ रुधिरा ब्लड बैंक में सपर्क किया। ब्लड बैंक इंचार्ज महावीर मीणा ने रक्तवीर विजय लोधा को एसडीपी डोनेशन के लिए बुलाया। उसने ब्लड बैंक पहुंचकर जीवन का 62वां रक्तदान किया और मरीज को राहत दी। विजय अब तक 43 एसडीपी और 19 बार ब्लड दे चुके हैं।

### बाल विवाह की रोकथाम को लेकर जागरूक किया

असनावर| पीएलवी बसंतीलाल माली ने शुक्रवार को विभिन्न जगह शिविर लगाकर लोगों को जागरूक किया। इस दौरान बाल-विवाह अवरोध अधिनियम 2006 के तहत लड़की की उम्र 18 वर्ष एवं लड़के की उम्र 21 वर्ष होने पर ही विवाह करें। इस उम्र से पहले शादी करते हैं तो जो भी व्यक्ति व्यक्तिगत तथा सामूहिक रूप से बाल विवाह कराएगा या किसी भी रूप में शामिल होगा वे सभी कानून के दायरे में आएंगे और 2 साल की कैद या 1 लाख रुपए जुर्माना व दोनों सजाओं का प्रावधान है।

### प्रमोद सकलेचा राजस्थान रीजन सचिव मनोनीत



झालरापाटन| जैन श्वेतांबर सोशल ग्रुप फ़ैडरेशन की राजस्थान रीजन की नवनियुक्त कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें झालरापाटन निवासी प्रमोद सकलेचा को राजस्थान रीजन सचिव मनोनीत किया। इस दौरान ग्रुप के सदस्यों ने सकलेचा का माला पहनाकर बधाई दी। झालरापाटन ग्रुप के सचिव पंकज चौरसिया ने बताया कि सकलेचा के साथ रीजन ने राष्ट्रीय पदाधिकारी संजय बापना को संरक्षक पद पर और झालरापाटन ग्रुप अध्यक्ष राकेश जैन को भी शामिल किया गया है। इससे झालरापाटन ग्रुप के सभी सदस्यों ने ख़ुशी जाहिर कि है।

### मनोहरथाना : फूटी पेयजल पाइपलाइन की सुध ली

मनोहरथाना| कस्बे के बस स्टैंड क्षेत्र में फूटी हुई पाइपलाइन को जलदाय विभाग की ओर से ठीक करने का कार्य शुरू कर दिया गया है। अग्रवाल धर्मशाला के समीप वर्षों पुरानी पेयजल लाइन कई दिनों से फूटी हुई थी। जिससे प्रतिदिन पानी व्यर्थ बहता था। शुक्रवार के दैनिक भास्कर में समाचार प्रकाशित करने के बाद विभाग के कर्मचारी हरकत में आए एवं पाइपलाइन को ठीक किया।

# गौपाष्टमी, अक्षय नवमी पर श्रीकृष्ण गौशाला में चतुर्थ छप्पन भोग महोत्सव का आयोजन आज

**इसके लिए विभिन्न प्रकार की 21 क्विंटल तरकारी सब्जीमंडी से लाई जा चुकी है**

झालावाड़| श्रीकृष्ण गौशाला में निवास कर रही ग्यारह सौ गौ माताओं को गौपाष्टमी के अवसर पर 56 भोग की प्रसादी का भोग लगाया जाएगा। कार्यक्रम आज प्रात: 9 बजे गौमाता की पक्रिमा कर गौपूजन किया जाएगा। तत्पश्चात गौमाता को छप्पन भोग लगाया जाएगा।

श्रीकृष्ण गौशाला के संरक्षक शैलेन्द्र यादव कालू, अध्यक्ष दिलीप मित्तल और सचिव प्रेम दाधीच ने जानकारी देते हुए बताया कि श्रीकृष्ण गौशाला में गौपाष्टमी व अक्षय नवमी के अवसर पर आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम में ग्यारह सौ गौमाताओं का पूजन कर 56 भोग की प्रसादी का भोग लगाया जाएगा। जिसमें गौमाताओं के लिए कई प्रकार व्यंजनों की भोग प्रसादी तैयार करवाई जा रही है। गौमाताओं के भोग के लिए गुरुवार से ही हलवाई भोग प्रसादी को तैयार कर रहे हैं। इसके लिए विभिन्न प्रकार की 21 क्विंटल तरकारी सब्जीमंडी से लाई जा चुकी है। इसके आयोजन के लिए श्रीकृष्ण गौशाला के गौ सेवकों द्वारा झालावाड़ शहर के सभी गौभाक्तो को आमंत्रित किया गया है। झालावाड़ की गौभक्त जनता को प्राचीन संस्कृति से रूबरू करवाने के लिए पूरे गौशाला परिसर को गौबर से लीपकर एवं मांडने मांडकर सजाया गया है। झालावाड़ जिले में अब तक सिर्फ मन्दिरों में ही 56 भोग के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है परन्तु श्रीकृष्ण गौशाला में पिछले 03 वर्षों से इस प्रकार के अनूठे कार्यक्रम का आयोजन किए जा रहे हैं। जिसमें 56 प्रकार व्यंजनों की प्रसादी भोग लगाया जाएगा। श्रीकृष्ण गौशाला समिति द्वारा सभी प्रकार के व्यंजनों के लिए विशेष प्रकार के काउंटर लगाए गए हैं। जिसमें भक्तगण अपनी श्रद्धा अनुसार थाली में सजाकर भोग को गौमाताओं को अपने हाथों से खिलाकर धर्मलाभ प्राप्त कर सकते हैं। श्रीकृष्ण गौशाला समिति के संरक्षक शैलेन्द्र यादव कालू, अध्यक्ष दिलीप मित्तल, सचिव प्रेम दाधीच ने जिले के सभी समाजबंधुओं धार्मिक सामाजिक संगठनों एवं स्वयंसेवी संस्थाओं से आव्हान किया है कि अधिक से अधिक संख्या में परिवार सहित पधार कर धर्मलाभ उठाएं।



झालावाड़। श्रीकृष्ण गौशाला में छप्पन भोग की तैयारियां करते हुए।

# मृत्यु भोज बंद कर 25 हजार रु. छात्रावास के लिए दान किए



पिड़ावा| दांगी समाज के एक परिवार ने पिता और बुआ के मृत्यु भोज की औपचारिकता कर उससे बची राशि 25 हजार 51 रुपए दांगी समाज छात्रावास के लिए दान कर दिए। समाज जिलाध्यक्ष नरसिंहलाल दांगी ने बताया कि समाज की जिला कार्यकारिणी की बैठक में पिछले दिनों मृत्यु भोज के रूप में महज औपचारिकता पूरी करने का निर्णय लिया था। जिसमें बानोर निवासी जगदीश वकील और रमेश पटेल ने उनकी बुआ जड़ाव बाई की मृत्यु भोज नाम मात्र कर बुआ और उनके दिवंगत पिता शिवलाल के नाम पर दांगी समाज के छात्रावास निर्माण के लिए 25 हजार 51 रुपए दान के रूप में सौंपे। इस दौरान कोषाध्यक्ष संजय दांगी, सचिव मांगीलाल अध्यापक, रामकरण दांगी, महामंत्री रामकिशन दांगी अध्यापक, सुनेल ब्लॉक अध्यक्ष कैलाश दांगी, रायपुर ब्लॉक अध्यक्ष फुलचंद दांगी, दुर्गालाल पटेल सहित कई लोग मौजूद रहे।

# सरोद को एमपी सीमा से जोड़ने वाले मार्ग पर बनेगा डामर रोड

भवानीमंडी| ग्राम पंचायत सरोद से मप्र की सीमा को जोड़ने वाले मार्ग पर 1 करोड़ 40 लाख रुपए की लागत से डामर सड़क का निर्माण किया जाएगा। शुक्रवार को विधायक कालूराम मेघवाल एवं मानसिंह चौहान की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित कर सड़क कार्य का भूमि-पूजन किया गया। ग्राम सरपंच शंभू सिंह ने बताया कि सरोद से मप्र की सीमा को जोड़ने वाले 2.20 किलोमीटर लंबे मार्ग के निर्माण को लेकर काफी समय से मांग की जा रही थी। शुक्रवार को इसका क्षेत्रीय विधायक ने उद्‌घाटन किया, सड़क निर्माण से क्षेत्रवासियों को बरसात के दौरान होने वाली समस्या से जूझना नहीं पड़ेगा। इस दौरान भागचंद, प्रधान सुल्तान सिंह, मिश्रौली मंडल अध्यक्ष जगमाल सिंह, पर्वतसिंह जिला परिषद् सदस्य, तूफान सिंह, हड़मत सिंह, अर्जुन सिंह सहित सिलेहगढ़ युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष, भाजपा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# भगवान का स्मरण बचपन से प्रारंभ करना चाहिए : कथावाचक तेहरिया



झालावाड़| द्वारकाधीश मंदिर परिसर में चल रही संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन शुक्रवार को कथा के आयोजक कर्ता शर्मा परिवार ने व्यास गद्दी व श्रीमद् भागवत कथा की पूजा अर्चना करके कथा वाचक पंडित महेश भाई तेहरिया का माला पहनाकर, तिलक लगाकर स्वागत किया।

कथा प्रारंभ करते हुए कथा वाचक महेश भाई तेहरिया ने सुंदर सा भजन 'श्यामा प्यारी कुंज बिहारी, वृन्दावन में राधे-राधे बरसाना में राधे-राधे...' के साथ वातावरण को राधामय कर दिया। सभी भक्तजन राधे-राधे गाते नजर आए। पंडित तेहरिया ने कथा में बताया कि पतिव्रत धर्म परायणता से बढ़कर कुछ श्रेष्ठ नहीं हो सकता। माता अनुसुइया की कथा सुनाते हुए कहा कि भारतीय नारी अपने पति को ही परमेश्वर मानती है पति की प्रसन्नता में ही ईश्वर की प्रसन्नता है यह केवल भारतीय नारी में ही संभव है। माता सती का दिव्य चरित्र का वर्णन करते हुए कहा कि किसी भी स्थान पर बिना निमंत्रण जाने से पहले इस बात का ध्यान जरूर रखना चाहिए कि जहां आप जा रहे है वहां आपका आपके इष्ट का या गुरू, पति का अपमान हो या होने की आशंका हो तो उस स्थान पर कभी नहीं जाना चाहिए। सती की कथा में भी यही हुआ जब भगवान शिव की बात नहीं मानने पर सती का जो अपमान हुआ तब स्वयं को अग्नि में स्वाह होना पड़ा। कथा परिसर में सुन्दर शिव बारात की सजीव झांकी बनाई गई। सभी भक्तों की अपार भीड़ ने भोले बाबा का स्वागत किया तथा भगवान शिव-पार्वती के विवाह पर भक्तों ने कन्या दान किया तथा सुन्दर भजन "भोले बाबा की आई है बारात चलो री सखी दर्शन को, मां पार्वती का अटल सुहाग रहे, जब तक गंगा मैया में पानी रहे तब तक....'' आदि भजनों पर सभी भक्तों ने नृत्य किया। कथा में ध्रुव चरित्र की कथा सुनाई। भक्ति के लिए कोई उम्र बाधक नहीं होती है। भगवान का स्मरण बचपन से प्रारम्भ करना चाहिए। कथा के अन्त में आयोजनकर्ता कृष्ण कुमार शर्मा, अरूण शर्मा, योगेन्द्र शर्मा ने आरती की तथा प्रसाद वितरण किया।

### अस्पताल के मेडिसिन स्टोर रूम में सांप घुसा, अफरा-तफरी मची

पिड़ावा| सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक सप्ताह में दूसरी बार सांप घुसने से अफरा-तफरी मच गई। एक सपेरे को बुलाकर सांप पकड़वाया गया। अस्पताल के पुराने भवन में मुख्य गेट के पास मेडिसिन स्टोर में अचानक एक सांप घुस गया। दवाइयों के बीच में सांप देखकर स्टोर कीपर अभय जैन बाहर भागे। कुछ ही देर में वहां अस्पताल कार्मिकों और मरीजों की भीड़ जमा हो गई। जिसे देखकर सांप दवाइयों के कार्टून के पीछे छुप गया। काफी देर के प्रयास के बाद भी वह बाहर नहीं निकला तो अस्पताल कर्मियों ने सपेरे को बुलाया। सपेरे ने काफी देर की मशक्कत के बाद सांप को पकड़कर डब्बे में बंद कर दिया। जिसके बाद अस्पताल कर्मियों और मरीजों ने राहत की सांस ली। अस्पताल में एक सप्ताह में दूसरी बार सांप घुसने से लोग दहशत में हैं। पिछली बार भी एक्स-रे कक्ष में एक सांप घुस गया था।

### भवानीमंडी में जायसवाल कलाल समाज ने मनाई सहस्त्रबाहु अर्जुन जयंती

भवानीमंडी| जायसवाल कलाल समाज द्वारा सहस्त्रबाहु अर्जुन जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस दौरान अनूप कुमार पारेता ने बताया कि समाज के वरिष्ठजन भगवानदास, धीरज पारेता, भारत पारेता द्वारा पुष्पांजलि कार्यक्रम किया गया। जिसमें सहस्त्रबाहु अर्जुन के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। इस दौरान समाज को प्रगति देने के विचार-विमर्श किया गया। कार्यक्रम में शालिनी मेवाड़ा का 68वीं राज्य स्तरीय वॉलीबाल प्रतियोगिता में चयन होने और नागौर में खेल कर आने पर माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। इस दौरान सीताराम पारेता, पूनम महावर, नवीन जायसवाल, मनमोहन जायसवाल, गोपाल जायसवाल, केसरीलाल धारीवाल, अमरलाल पारेता, संजय जायसवाल, महेश चौकसे, हेमंत जायसवाल, आशीष पारेता, गोरधनलाल मेवाड़ा, दिलीप चौधरी, लखन जायसवाल मौजूद रहे।

# रुद्र सेना ने दीपावली मिलन समारोह मनाया



झालरापाटन| रुद्र सेना के द्वारा शुक्रवार को नारी शक्ति जिलाध्यक्ष डॉ. रेखा वर्मा के निवास स्थान पर दीपावली स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान गोसेवक लक्ष्मणसिंह सैनी ने गोमाता के गोबर से निर्मित दीपक बनाने वाली मशीन का लोकार्पण किया। उन्होंने बताया कि हर सनातनियों को इसका लाभ व रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। जिसमें नारी शक्ति से जुड़ी बहनों को घर बैठे रोजागर उपलब्ध कराए जाएंगे। विक्रम सारवान, जिला उपाध्यक्ष बजरंगसिंह गुर्जर, अभिषेक नामदेव, अजय शर्मा, बालचंद कारपेंटर, उमाशंकर, राजेंद्र वर्मा, पवन गौड़, मुकेश गौड़, हेमंत कुशवाहा, सांवलिया गौड़, अनिल पाटोदिया, हरिशंकर पाटीदार, विनायक गौड़, कमलेश सोनी मौजूद रहे।

# उमराह पर जाने वाले जायरीनों का किया इस्तकबाल



जावर| कस्बे से मक्का मदीना में मुकद्दस सफर उमराह पर जाने वाले जायरीनों का माला पहनाकर इस्तकबाल किया। कस्बा निवासी नावेद मंसूरी ने बताया की मस्जिद के इमाम साहब हाफिज इरफान खान और उनकी पत्नी सलमा बेगम उमराह पर जाने से पहले उनके परिवारजनों से मिलकर कस्बे में पहुंचने पर मुस्लिम समाज के लोगों व परिवार के लोगों ने उनका मुंह मीठा कराकर फूल मालाओं पहनाकर इस्तकबाल किया। आशु मंसूरी ने बताया कि इस दौरान सदर शमशुद्दीन मंसूरी, सलीम भाई, ख्वाजू भाई, जाहिद खान, इमरान भाई, रजाक भाई, इकबाल मंसूरी, अल्ताफ भाई, मोबिन भाई, सलमान मंसूरी, रफीक भाई, ओबेद, जुनैद, जलील खान, अब्दुल करीम, सिद्धिक, समीर, इसराइल, आफताब, शाकिर सहित समाज के लोग मौजूद रहे।


**SUTLEJ TEXTILES AND INDUSTRIES LIMITED**

textiles and industries limited

Regd.Office: Pachpahar Road, Bhawanimandi - 326 502 (Rajasthan) CIN : L17124RJ2005PLC020927
Tel :(07433)222052/82/90, Email: hoffice@sutlejtextiles.com, Website: www.sutlejtextiles.com

**EXTRACT OF CONSOLIDATED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND HALF YEAR ENDED 30th SEPT. 2024**

(₹ in Crore)

| Particulars | 3 Months Ended | Preceding 3 Months Ended | Corresponding 3 Months Ended in the Previous Year | Year to date Figures for Current Period Ended | Year to date Figures for Previous Period Ended | Previous Accounting Year Ended |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | Unaudited | Unaudited | Unaudited | Unaudited | Unaudited | Audited |
| | 30.09.2024 | 30.06.2024 | 30.09.2023 | 30.9.2024 | 30.09.2023 | 31.03.2024 |
| Total Income from Operations | 685.55 | 658.07 | 734.90 | 1343.62 | 1439.28 | 2703.20 |
| Net Profit / (Loss) for the period (before Tax, Exceptional and/ or Extraordinary items) | (27.69) | (18.77) | (75.62) | (46.46) | (120.52) | (195.18) |
| Net Profit / (Loss) for the period before tax (after Exceptional and / or Extraordinary items) | (27.69) | (18.77) | (75.62) | (46.46) | (120.52) | (203.63) |
| Net Profit / (Loss) for the period after Tax (after Exceptional and / or Extraordinary items) | (18.75) | (11.40) | (49.44) | (30.15) | (79.93) | (135.56) |
| Total Comprehensive Income for the period [ Comprising Profit / (Loss) for the period (after tax) and other Comprehensive Income (after tax)] | (17.99) | (10.64) | (49.08) | (28.63) | (79.32) | (131.92) |
| Paid-up Equity Share Capital ( Face Value of ₹ 1/- per share ) | 16.38 | 16.38 | 16.38 | 16.38 | 16.38 | 16.38 |
| Other Equity | | | | | | 944.72 |
| Earnings Per Share before / after extraordinary items (of ₹ 1/- each) (not annualised) | | | | | | |
| a) Basic : | (1.14) | (0.70) | (3.02) | (1.84) | (4.88) | (8.27) |
| b) Diluted : | (1.14) | (0.70) | (3.02) | (1.84) | (4.88) | (8.27) |

**Key information on Standalone Financial Results**

(₹ in Crore)

| Particulars | 3 Months Ended | Preceding 3 Months Ended | Corresponding 3 Months Ended in the Previous Year | Year to date Figures for Current Period Ended | Year to date Figures for Previous Period Ended | Previous Accounting Year Ended |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | Unaudited | Unaudited | Unaudited | Unaudited | Unaudited | Audited |
| | 30.09.2024 | 30.06.2024 | 30.09.2023 | 30.09.2024 | 30.09.2023 | 31.03.2024 |
| Total Income from Operations | 675.99 | 651.74 | 726.44 | 1327.73 | 1420.50 | 2671.72 |
| Profit /(Loss) Before exceptional items and tax | (26.64) | (16.39) | (73.89) | (43.03) | (117.36) | (183.73) |
| Profit / (Loss) Before Tax | (26.64) | (22.39) | (73.89) | (49.03) | (117.36) | (202.69) |
| Profit / (Loss) After Tax | (17.70) | (15.02) | (47.71) | (32.72) | (76.77) | (134.61) |
| Total Comprehensive Income | (16.93) | (14.26) | (47.47) | (31.19) | (76.28) | 131.07 |

**Notes:**

1. The above results were reviewed by the Audit Committee and approved by the Board of Directors of the Company at their respective meetings held on 6 November 2024 and 8 November 2024.
2. The above is an extract of the detailed format of Quarterly Financial Results filed with Stock Exchange under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements ) regulations, 2015.The full format of the Standalone and Consolidated Financial results for the three months and half year ended 30 September 2024 are available on Stock Exchanges websites www.bseindia.com and www.nseindia.com and on Company's website www.sutlejtextiles.com.

For SUTLEJ TEXTILES AND INDUSTRIES LIMITED

Place : Mumbai
Date : 8 November 2024

(Rajib Mukhopadhyay)
Whole-time Director & CFO